ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
प्रो. रजनीश जैन
सचिव
Prof. Rajnish Jain
Secretary

सत्यमेव जयते

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
**University Grants Commission**
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
**(Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)**
बहादुरशाह जफ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Ph :. 011-23236288/23239337
Fax : 011-2323 8858
E-mail : secy.ugc@nic.in

अ.शा.प.सं.1–59 / 2019(वेबसाइट)

23 अक्तूबर, 2019

**विषयः 31 अक्तूबर, 2019 को "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाने के संबंध में।**

आदरणीय महोदय / महोदया,

भारत सरकार ने 31 अक्तूबर, 2019 को स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय एकता के निर्माता, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को **"राष्ट्रीय एकता दिवस"** के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह अवसर हमें अपने राष्ट्र की अंतर्निहित समुत्थान शक्ति की पुनः पुष्टि करने और लोगों को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के सामने आने वाले वास्तविक तथा संभावित खतरों को समझने का सुअवसर प्रदान करता है।

राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को मनाने के लिए सभी उच्चतर शैक्षिक संस्थानों से अनुरोध है कि वे इस अवसर पर कार्यक्रम / गतिविधियों का आयोजन करें, जिनमें निम्नलिखित को शामिल किया जाए:

क. एक शपथ समारोह का आयोजन किया जाए, "राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ" का पाठ संलग्न है।
ख. उपयुक्त स्थानों पर "एकता के लिए दौड़" भी आयोजित की जाए जिसमें छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और सभी अधिकारियों को शामिल किया जाए, ताकि सभी में राष्ट्रीय एकता का संदेश फैल सके।
ग. जहां भी संभव हो, 31 अक्तूबर की शाम को गठन (फॉर्मेशन) द्वारा एक मार्च पास्ट का आयोजन किया जाए।

सरकार ने देश की संरचना को एक राष्ट्र के रूप में सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय एकता और अखंडता के मूल तत्वों को बढ़ावा देने हेतु नागरिकों द्वारा किए गए अनुकरणीय और उत्कृष्ट व्यक्तिगत योगदान तथा अथक एवं निस्वार्थ कार्य को पहचान देने के लिए एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार अर्थात सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार आरंभ किया है। सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन / सिफारिशें ऑनलाइन पोर्टल www.nationalunityawards.mha.gov.in पर भेजी जाएं। पुरस्कार के लिए नामांकन भेजने का प्रारूप उपर्युक्त वेबसाइट पर दिया गया है।

विश्वविद्यालयों और सभी संबद्ध महाविद्यालयों से अनुरोध है कि वे राष्ट्रीय एकता दिवस को पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाएं। इस संबंध में की गई कार्रवाई की सूचना यूजीसी के विश्वविद्यालय गतिविधि निगरानी पोर्टल (https://www.ugc.ac.in/uamp/) पर 01 नवंबर, 2019 को सुबह 10.00 बजे तक अपलोड करने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय,
रजनीश
(रजनीश जैन)

सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति
सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य

संलग्नः यथोपरि